**नवसारी सेवाकेंद्र** द्वारा **प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 143वीं जन्म जयंती के निमित्त** "विश्व आध्यात्मिक उत्थान दिवस" के अंतर्गत **"रन फॉर पीस" मैराथन के आयोजन** ता.**15/12/19 को सुबह 6 बजे** किया गया |

जोकि लुन्सिकुई स्थित ब्रह्मकुमारिज केंद्र से शुरू होकर ईटालवा पुरानी आर.टी.ओ. ऑफिस होकर वापिस सेवाकेंद्र तक 6 कि.मी. तक रखी गयी|

कार्यक्रम में मुख्य मेहमान नवसारी के **जिला विकास अधिकारी श्री राजदेव सिंह गोहिल** पधारे | साथ -साथ **माहिती खाता ऑफिसर श्री दिनेश पटेल**, **Cyclopedia** health centre से श्री आशीष पटेल, श्री सत्येन्द्र दीक्षित जी(रनर तथा हैप्पी फिट फैमिली-हैदराबाद के ब्रांड एम्बेसडर), श्री नवनीत ओंजलकर (प्रेसिडेंट - मास्टर अथेलेटिक असोसिएशन**), श्री बोमी जागीरदार (साइकलिस्ट-कश्मीर से कन्याकुमारी तक 17 दिन में साईकिल यात्रा कर रिकॉर्ड बनाने वाले, टाटा बॉयज स्कूल के प्रिंसिपल),** श्री रवि शास्त्री (स्पोर्ट्स मैन) तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे|

**लगभग 350** (359) लोगों ने इस दौड़ में उमंग-उत्साह से भाग लिया |

<u>**ब्र. कु. गीता दीदी**</u> ने इस कार्यक्रम का उदेश्य बताते हुए कहा की - संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा जोकि सन 1936 में निराकार परमात्मा शिव का साकार माध्यम बने तथा परमात्मा द्वारा प्रदत शिक्षाओं का साकार स्वरुप बन हम सबके समक्ष उदाहरण मूर्त बने | ऐसे पिताश्री जिनके माध्यम से स्वयं परमपिता मनुष्य को सहज ज्ञान और सहज राजयोग सिखाकर नई सतयुगी दुनिया की स्थापना करा रहे हैं **उनकी जयंती के निमित इस दौड़ में नारी सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, स्वच्छता, सड़क सुरक्षा जैसे मुद्दों को ध्यान में रखकर, जनजागृति के लिए स्लोगनो के साथ ब्रह्मा वत्सो ने सन्देश** देने की सेवा भी की|

<u>**D.D.O. श्री राजदेव सिंह गोहिल ने कहा कि**</u> - ब्रह्मा बाबा की जन्म जयंती के निमित्त जो शांति दौड़ का आयोजन सराहनीय है| सरकार का भी फिट इंडिया प्रोजेक्ट चल रहा है |उन्होंने कहा कि- स्वास्थय के लिए 3 बातों का ध्यान रखना जरुरी है १. आहार २.व्यायाम ३. विचार | **अत: शरीरिक स्वास्थय के लिए आहार और व्यायाम तथा मानसिक स्वास्थय के लिए सकरात्मक विचार व दृष्टीकोण बनाये रखने की सर्व से अपील** करते हुए, अपनी शुभेच्छा व्यक्त करते हुए, हरी झंडी द्वारा दौड़ का शुभारम्भ कराया|

कार्यक्रम के अंत में सब दौड़ पूरी करने वालो को सर्टिफिकेट तथा मैडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया|

और सेवाकेंद्र के हॉल में **7 दिवसीय मैडिटेशन कोर्स** का आयोजन किया गया|